सूने घर का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

५० हजार रुपये नकद सहित सोने-चांदी के आभूषण पार

चित्रकूट। मानिकपुर थाना क्षेत्र के शिव नगर में चोरों ने सूने घर से नकदी और लाखों रुपये के सोने-चांदी के आभूषण चोरी कर ले गये। घटना की जानकारी शुक्रवार को होने पर पीड़ित परिवार के होश उड़ गये। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर चोरी का खुलासा करने की मांग की है।

कस्बे के शिवनगर निवासी जयप्रकाश शुक्ला के मकान में अतुल राजपूत परिवार के साथ किराये पर रहते हैं। २१ अक्टूबर को मकान में ताला लगाकर मानिकपुर थाना क्षेत्र स्थित अपने गांव रामपुर कल्याणगढ़ चले गये थे। इसी दौरान सूना घर पाकर चोरों ने मकान का ताला तोड़ दिया और अंदर रखी अलमारी से नकदी एवं कीमती आभूषण समेटकर फरार हो गये। पीड़ित के अनुसार चोर करीब ५० हजार रुपये नकद, सोने की चेन, अंगूठी, कान के आभूषण, चांदी की पायल, बिछिया और चांदी के सिक्के सहित अन्य कीमती सामान ले गये। शुक्रवार को घर पहुंचने पर चोरी की जानकारी हुई। सामान बिखरा देखकर परिवार के लोग स्तब्ध रह गये। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर घटना की जांच कराने और चोरी का जल्द खुलासा करने की मांग की है। थाना प्रभारी अजीत कुमार पाण्डेय ने बताया पीडित द्वारा तहरीर दी गयी है। जांच कर चोरी का जल्द खुलासा किया जायेगा।

टेंट का सामान लादकर जा रही पिकअप पलटी चालक गंभीर

जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत सराययूसुफ गांव के पास टेंट का सामान लादकर जा रही एक अनियंत्रित पिकअप सड़क किनारे गड्ढे में पलट गयी। हादसे में चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

बरहता गांव निवासी २४ वर्षीय चंदन (पुत्र राम प्रसाद) भरत मिलाप कार्यक्रम संपन्न होने के बाद पिकअप वाहन पर टेंट का सामान लादकर गंतव्य की ओर ले जा रहा था। सराययूसुफ के पास सड़क के गड्ढे के कारण वाहन अनियंत्रित होकर पलट गया। स्थानीय लोगों ने एंबुलेंस की मदद से घायल चालक को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत चिंताजनक देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

नीलगाय से टकराकर बाइक सवार की मौत

ट्रक की चपेट में आने से युवक गंभीर

जौनपुर। जनपद के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में हुए सड़क हादसों में एक युवक की जान चली गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को प्राथमिक उपचार के बाद वाराणसी रेफर किया गया है।

पहला हादसा बक्शा थाना क्षेत्र में हुआ। लखउवां गांव निवासी २५ वर्षीय अवधेश मौर्य (पुत्र लालजी मौर्य) शुक्रवार दोपहर शंभूगंज बाजार से बाइक से लौट रहे थे।

रास्ते में अचानक सामने आई नीलगाय से बाइक टकरा गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गये। जिला अस्पताल ले जाने पर डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

दूसरा हादसा बदलापुर थाना क्षेत्र के ओवरब्रिज के पास हुआ। मुरादपुर कुटिल निवासी २७ वर्षीय मोनू माली (पुत्र स्वर्गीय बुधीराम माली) खुटहन से लौटते समय तेज रफ्तार ट्रक की चपेट में आ गये। हादसे में ट्रक का पहिया उनके दोनों पैरों पर चढ़ गया। स्थानीय लोगों की मदद से १०८ एंबुलेंस द्वारा उन्हें जिला अस्पताल भेजा गया, जहां से नाजुक हालत देखते हुए डाक्टरों ने उन्हें बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया।

कलेक्ट्रेट में वादकारियों एवं वाहनों का प्रवेश रहा प्रतिबंधित

जौनपुर। एमएलसी चुनाव के दौरान सिकरारा ब्लाक मुख्यालय स्थित मतदान केंद्र पर दिग्गज नेताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मल्हनी विधायक लकी यादव और पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कतार में लगकर वोट डाला और उंगली पर लगी अमिट स्याही दिखाते हुए लोकतंत्र के पर्व में भागीदारी का संदेश दिया।

सड़क हादसे में घायल सीआईएसएफ इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत

अहमदाबाद में थे तैनात, छुट्टी पर आये थे घर, गांव में पसरा मातम

जौनपुर। नेवढ़िया थाना क्षेत्र के अटरिया गांव (जमालापुर) के पास बीते दिनों सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल सीआईएसएफ इंस्पेक्टर की इलाज के दौरान मौत हो गयी। उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।मृतक इंस्पेक्टर की पहचान बरसठी क्षेत्र के घाटमपुर गांव निवासी ४३ वर्षीय विपिन निगम के रूप में हुई है। वह वर्तमान में अहमदाबाद में तैनात थे और १० मई को छुट्टी लेकर घर आये थे। घर से किसी काम के सिलसिले में निकलते समय वह सड़क हादसे के शिकार हो गये थे। वाराणसी और पीजीआई के बाद उन्हें लखनऊ के मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया गया था, जहां गुरुवार को उन्होंने दम तोड़ दिया। शुक्रवार को उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव घाटमपुर पहुंचा, जहां सीआईएसएफ के जवानों ने उन्हें गार्ड आफ आनर और श्रद्धांजलि अर्पित की। इसके बाद अंतिम संस्कार के लिए शव को वाराणसी ले जाया गया। उनके परिवार में पत्नी, एक बेटा और एक बेटी हैं।

एंटी रोमियो टीमों ने पम्फलेट बांटकर किया जागरूक



चित्रकूट। एसपी अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा अपने थाना क्षेत्रो में भ्रमण कर मिशन शक्ति फेज-६ के अंतर्गत छात्राओं, बालिकाओं एवं महिलाओं को सुरक्षा, सम्मान, संरक्षण एवं स्वावलंबन के प्रति जागरूक करते हुए महिला सुरक्षा से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी गयी। इस दौरान अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा, सहायता के लिए एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है। जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।

अपर एसपी ने सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

चित्रकूट। उत्तर प्रदेश विधान परिषद के इलाहाबाद-झाँसी खण्ड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के द्विवार्षिक निर्वाचन का मतदान जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। मतदान को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए अपर पुलिस अधीक्षक पीयूषकांत राय द्वारा कोतवाली कर्वी अन्तर्गत चित्रकूट इण्टर कालेज, मानिकपुर मतदान केन्द्रों का लगातार भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। मतदान केन्द्रों पर नियुक्त पुलिस बल को मुस्तैदी के साथ ड्यूटी करने, मतदान केन्द्र के सौ मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के प्रचार-प्रसार पर रोक लगाने, संदिग्ध व्यक्तियों पर सतर्क दृष्टि रखने तथा मतदाताओं को सुगमता से मतदान कराने के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। जनपद के सभी छह मतदान केन्द्रों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा।

पुराने बकाये से राहत के लिए राज्य कर विभाग ने लागू की ब्याज माफी योजना

चित्रकूट। उपायुक्त राज्य कर विभाग विक्रम अजीत ने जानकारी देते हुए बताया कि पुराने बकाए के बोझ से दबे व्यापारियों और उद्यमियों को विशेष राहत देने के उद्देश्य से राज्य कर विभाग द्वारा ब्याज माफी योजना २०२६ लागू की गयी है। १६ अक्टूबर से प्रभावी यह महत्वाकांक्षी योजना आगामी तीन महीने की अवधि तक लागू रहेगी। इस योजना के अंतर्गत बकाए की धनराशि के स्लैब के अनुसार व्यापारियों को ब्याज एवं अर्थदंड में ५० प्रतिशत से सौ प्रतिशत तक की भारी छूट प्रदान की जा रही है। बताया कि इस योजना के अंतर्गत ३१ दिसम्बर २०२५ तक उत्तर प्रदेश बकाया कर अधिनियम १९४८, व्यापार कर, वैट, मनोरंजन कर, उत्तर प्रदेश केबल टेलीविजन नेटवर्क तथा आमोद एवं पणकर अधिनियम सहित विभिन्न अधिनियमों के तहत संचित बकाया कर, ब्याज और अर्थदंड पर राहत प्रदान की जायेगी। १० लाख तक का मूल बकाया: पूरा मूलधन एकमुश्त जमा करने पर व्यापारियों को ब्याज और अर्थदंड में शत प्रतिशत की पूर्ण छूट मिलेगी। १० लाख से १ करोड़ तक का बकाया: पूरा मूलधन जमा करने पर ब्याज में १०: तथा अर्थदंड में ९० प्रतिशत की छूट प्रदान की जायेगी। १ करोड़ से ५ करोड़ तक का बकाया: पूरा मूलधन जमा करने पर ब्याज में २५ प्रतिशत तथा अर्थदंड में ७५ प्रतिशत की राहत दी जायेगी। ५ करोड़ से अधिक का बकाया: ऐसे प्रकरणों में ब्याज और अर्थदंड दोनों मदों में ५०-५० प्रतिशत की छूट का प्रावधान किया गया है।

यदि किसी व्यापारी का मामला किसी न्यायालय में विचाराधीन है तो वहां नाट प्रेस' का प्रार्थना पत्र देकर वाद वापस लेने की स्थिति में बकाया जमा करने पर उसे भी ब्याज और अर्थदंड में नियमानुसार पूर्ण लाभ दिया जायेगा। जिले के व्यापारियों की सहायता एवं त्वरित मार्गदर्शन के लिए राज्य कर विभाग कर्वी में एक विशेष हेल्प डेस्क स्थापित की गयी है। इस हेल्प डेस्क पर राज्य कर अधिकारी राम सेवक एवं प्रमोद कुमार उपस्थित रहकर व्यापारियों को आवेदन एवं योजना से संबंधित संपूर्ण सहायता उपलब्ध कराएंगे। व्यापारी किसी भी जानकारी अथवा समस्या निवारण के लिए संपर्क कर सकते हैं।

सिकरारा पीएचसी से कई दिनों से अनुपस्थित मिले डाक्टर

जौनपुर। मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) डा. गंगाराम गौतम ने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सिकरारा का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधिकारी डा. शशांक शांडिल बिना पूर्व सूचना के कई दिनों से अनुपस्थित पाए गये। सीएमओ ने कड़ी नाराजगी जताते हुए उनका वेतन तत्काल प्रभाव से रोकने का आदेश दिया। निरीक्षण के समय दवा भंडार में १६५ प्रकार की औषधियां, एंटी-रेबीज और एंटी-स्नेक वेनम उपलब्ध पायी गईं। सीएमओ ने फार्मासिस्ट को डीवीडीएमएस पोर्टल पर दवाओं की प्रविष्टि अद्यतन रखने और अनुपलब्ध दवाओं को सीधे वेयरहाउस से मंगाकर मरीजों को सुलभ कराने के निर्देश दिये।

डीएम-एसपी ने कलेक्ट्रेट कंट्रोल रूम एवं संवेदनशील मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण



जौनपुर। विधान परिषद के वाराणसी खंड स्नातक एवं शिक्षक चुनाव को पारदर्शी एवं सकुशल संपन्न कराने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. और एसपी डा. यशवीर सिंह ने संयुक्त रूप से कलेक्ट्रेट स्थित केंद्रीय कंट्रोल रूम सहित सिकरारा, बक्शा, बदलापुर, खुटहन एवं सुईथाकला के मतदान केंद्रों का सघन निरीक्षण किया। अधिकारियों ने केंद्रों पर सुरक्षा, पेयजल, रोशनी और दिव्यांग मतदाताओं के लिए जरूरी सुविधाओं का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि कंट्रोल रूम पर प्राप्त होने वाली प्रत्येक शिकायत का त्वरित निस्तारण किया जाए। एसपी ने सुरक्षाकर्मियों को सतर्कता बरतने और आचार संहिता का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये।

रासायनिक खेती से होने वाले दुष्प्रभावों की दी गयी जानकारी

'खेत बचाओ अभियान' कार्यक्रम में किसानों को किया गया जागरूक

चित्रकूट। उप कृषि निदेशक जीतलाल गुप्ता द्वारा बताया गया कि कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा ३० अक्टूबर तक उत्तर प्रदेश में खेत बचाओं अभियान कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देशित किया गया है। जिसका उद्देश्य उर्वरकों और अन्य कृषि उत्पादों के संतुलित उपयोग के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा मृदा परीक्षण के आधार पर इनपुट प्रदान करना, तिलहन, दलहन और बागवानी मिशन के माध्यम से फसल विविधीकरण को प्रोत्साहित करना, धान की परती भूमि का कुशल उपयोग करना, फसल अवशेष प्रबन्धन को बढ़ावा देना और किसानों को अवशेष जलाने से हतोत्साहित करना इसके लिए सूचना एवं संचार शिक्षा गतिविधियों का आयोजना, किसानों को जैविक उत्पादों के उपयोग का प्रशिक्षण देना, जागरूकता कार्यक्रमों, प्रशिक्षण और क्षेत्र प्रदर्शनों के माध्यम से प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देना, जल संरक्षण, पुनर्भरण और संचयन के बारे में जागरूकता पैदा करना तथा सतत कृषि पद्धतियों को प्रोत्साहित करना अभियान का मुख्य विषय है।

खेत बचाओ अभियान कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केन्द्र के कृषि वैज्ञानिक एवं कृषि विभाग प्राविधिक सहायक ग्रुप-सी, बीटीएम, एटीएम तथा पशु पालन विभाग, उद्यान विभाग, मत्स्य विभाग, सहकारिता एवं इफ्को के कार्मिकों द्वारा तकनीकी जानकारी प्रदान की जा रही है। इसी क्रम में शुक्रवार को उप कृषि निदेशक द्वारा ग्राम संग्रामपुर में आयोजित खेत बचाओ अभियान में सहभागिता करते हुये अभियान का निरीक्षण कर उपस्थित कृषकों को संतुलित उर्वरक का उपयोग, प्राकृतिक खेती, जैविक खेती से लाभ एवं रसायनिक खेती से होने वाले मनुष्यों एवं पशुओं पर दुष्प्रभाव की विस्तृत जानकारी दी गयी। वर्तमान में धान की कटाई के उपरान्त फसल अवशेष (पराली) नही जलाने के लिए कृषकों से अपील की गयी। साथ ही बताया गया कि कृषक फसल अवशेष को इनसीटू विधि से अवशेष प्रबन्धन कर सकते हैं। इस मौके पर डा उत्तम कुमार त्रिपाठी कृषि वैज्ञानिक, सत्येन्द्र सिंह उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी कर्वी, सहायक विकास अधिकारी कृषि, न्याय पंचायत प्रभारी सविता कुशवाहा आदि मोजूद रहे।

चार सगे भाइयों पर हत्या के मुकदमे का आदेश

पेड़ से लटकती मिली थी हलवाई की लाश

जौनपुर। मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी श्वेता यादव ने सरायख्वाजा थाना क्षेत्र में हलवाई का काम करने वाले व्यक्ति की संदिग्ध मौत के मामले में चार सगे भाइयों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है।

सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के करसावां गांव निवासिनी रीता देवी (पत्नी स्वर्गीय मुकेश कुमार निषाद) ने अदालत में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि उनके पति ५ मई २०२६ को बैजापुर निवासी देवी प्रताप प्रजापति के साथ खाना बनाने गये थे।

अगली सुबह घर से करीब ५० मीटर दूर बबूल के पेड़ से नायलान की लाल रस्सी के सहारे उनकी लाश लटकती मिली, जिसमें उनके दोनों घुटने जमीन से सटे हुए थे। पीड़िता का आरोप है कि घटना से कुछ दिन पूर्व गांव के ही संतोष, डब्बू, रमेश और राकेश (पुत्रगण शेकर निषाद) ने उनके पति को गाली-गलौज देते हुए जान से मारने की धमकी दी थी। सीजेएम श्वेता यादव ने मामले की गंभीरता को देखते हुए चारों आरोपितों पर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कर गहन विवेचना के आदेश दिये हैं।

कड़ी सुरक्षा एवं शांतिपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ मतदान

डीएम-एसपी ने बूथों का लिया जायजा

जौनपुर। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी सैमुअल पाल एन. के कुशल निर्देशन में जनपद के सभी मतदान केंद्रों पर वाराणसी खंड स्नातक एवं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र का मतदान स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ।

सुबह ८ बजे से शुरू हुआ मतदान निर्धारित समय शाम ४ बजे तक चला।

वाराणसी खंड स्नातक निर्वाचन क्षेत्र में कुल ६०,३९६ मतदाताओं में से २५,३७७ मतदाताओं (१७,९७५ पुरुष एवं ७,४०२ महिला) ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया, जहां कुल मतदान प्रतिशत ४२.०१ दर्ज किया गया।

वहीं खंड शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र में पंजीकृत ६,७७६ मतदाताओं में से ४,८८४ मतदाताओं (४,०३४ पुरुष एवं ८५० महिला) ने वोट डाले, जिसका मतदान प्रतिशत ७२.०७ रहा। मतदान को निष्पक्ष एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक डा. यशवीर सिंह पूरे दिन केंद्रों पर भ्रमणशील रहे। अधिकारियों ने सुरक्षा व्यवस्था, आचार संहिता के अनुपालन का निरीक्षण किया तथा जिला मुख्यालय स्थित कंट्रोल रूम से लगातार व्यवस्थाओं की निगरानी करते रहे।

बालिका से छेड़खानी के मामले में अभियुक्त को छः वर्ष का कारावास

चित्रकूट। नाबालिग बालिका को बहला फुसलाकर छेड़खानी करने के मामले में न्यायालय विशेष पाक्सो एक्ट ने दोष सिद्ध होने पर अभियुक्त को छह वर्ष के कठोर कारावास एवं आठ हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।अपर जिला शासकीय अधिवक्ता विशेष पाक्सो एक्ट तेज प्रताप सिंह ने बताया कि १५ मई २०२५ को एक वादिया ने थाना भरतकूप में रिपोर्ट दर्ज करायी थी कि उसकी नाबालिग पुत्री को आरोपित ने बहला फुसलाकर उसके साथ छेडखानी की। पुलिस ने आरोपित को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र प्रेषित किया था। सत्र परीक्षण के दौरान बचाव एवं अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद ममामले में दोष सिद्ध होने पर न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पाक्सो एक्ट रेनू मिश्रा ने अभियुक्त बंधू पुत्र रामप्रताप उर्फ सुखचौना आरख निवासी दुगवा थाना भरतकूप को छह वर्ष का कठोर कारावास एवं आठ हजार रुपये का अर्थदण्ड भी लगाया है।

पुलिस अधीक्षक ने किया रामलीला का उद्घाटन

चित्रकूट। पुरवा तरौहां गांव में तीन दिवसीय रामलीला महोत्सव का शुभारंभ हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इस दौरान रामलीला प्रांगण प्रभु श्री राम के जयकारों से गुंजायमान हो उठा। इस मौके पर एसपी ने कहा कि प्रभु श्रीराम का जीवन संपूर्ण मानव जाति के लिए मर्यादा, धैर्य और कर्तव्य का मार्गदर्शक है। समाज के हर व्यक्ति को उनके आदर्शों को अपने आचरण में उतारना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने पुलिस विभाग के लिए प्रेरणादायक संदेश देते हुए कहा कि जिस प्रकार लक्ष्मण जी सदैव प्रभु राम के रक्षण और सेवा में मुस्तैद रहते थे

पूर्वांचल विवि में शैक्षणिक कार्य प्रभाग का गठन

जौनपुर। वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में शिक्षण, अधिगम और समग्र शैक्षिक प्रशासन को परिणामोन्मुख एवं गुणवत्तापूर्ण बनाने के उद्देश्य से कुलपति प्रो. राकेश कुमार सिंह के निर्देशानुसार 'शैक्षणिक कार्य प्रभाग' का गठन किया गया है। कुलसचिव डा. विनोद कुमार सिंह ने इस संबंध में कार्यालय आदेश जारी कर दिया है।जारी आदेश के तहत वरिष्ठ प्रोफेसर प्रो. मानस पाण्डेय को प्रभाग का निदेशक नियुक्त किया गया है, जो समग्र शैक्षणिक नेतृत्व संभालेंगे। समिति में प्रो. देवराज सिंह को सदस्य के रूप में पाठ्यचर्या, राष्ट्रीय शिक्षा नीति सुधार, क्रेडिट फ्रेमवर्क और वैधानिक अनुश्रवण का जिम्मा सौंपा गया है।

वहीं प्रो. रवि प्रकाश को शैक्षणिक कैलेंडर, प्रवेश प्रक्रिया तथा नवीन शैक्षणिक कार्यक्रमों के विकास एवं समन्वय का दायित्व मिला है। यह प्रभाग वार्षिक कैलेंडर के क्रियान्वयन, कक्षाओं की नियमितता, शिक्षकों के कार्यभार, कौशल विकास और परिणाम आधारित शिक्षा की निरंतर समीक्षा सुनिश्चित करेगा।

वाल्मीकि जयंती पर जिले में गूंजेगा रामायण पाठ

तुलसीदास आश्रम राजापुर, वाल्मीकि आश्रम लालापुर में होंगे धार्मिक आयोजन

चित्रकूट। प्रदेश में महर्षि वाल्मीकि जयंती २६ अक्टूबर को आस्था, भक्ति और भारतीय सांस्कृतिक विरासत का व्यापक उत्सव मनाया जायेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यानाथ के निर्देशानुसार प्रदेश के सभी ७५ जिलों में सैकड़ों महर्षि वाल्मीकि मंदिरों और रामायण से जुड़े प्रमुख स्थलों पर दीपदान, रामायण पाठ, भजन और भक्तिमय सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

इन आयोजनों के जरिये आदिकवि महर्षि वाल्मीकि की कालजयी रचना रामायण में निहित मानवीय संवेदनाओं, सामाजिक समरसता और राष्ट्रीय मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की तैयारी है।

इसी क्रम में महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर में वृहद कार्यक्रम होंगें। क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी डीके शर्मा ने बताया कि योगी सरकार के निर्देशानुसार महर्षि वाल्मीकि की तपोस्थली लालापुर में जिला प्रशासन की ओर से वृहद कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। जिसमें रामलीला का मंचन, वाल्मीकि रामायण पाठ, भजन संध्या और स्थानीय कलाकारों द्वारा लोक भजन के कार्यक्रम होंगे। इसके अलावा तमसा गंगा नदी जिसे वाल्मीकि नदी भी कहा जाता है के घाट पर वाल्मीकि आरती होगी। इस आयोजन में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं।

सचिव ने बाल अपचारियों को गलतियां सुधार के लिए किया प्रेरित

राजकीय संप्रेक्षण गृह किशोर का किया निरीक्षण, शिविर में दी गयी विधिक जानकारियां

चित्रकूट। जनपद न्यायाधीश सुनील कुमार पंचम के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव इला चौधर ने राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान सचिव ने सम्प्रेक्षण गृह में आवासित किशोर अपचारियों से उनकी दिनचर्या के विषय में जानकारी ली। बाल अपचारियों द्वारा बताया गया कि सर्वप्रथम प्रातः जागकर योगा कराया जाता है, फिर नाश्ता, उसके बाद कक्षायें शुरू हो जाती हैं। इसके उपरान्त दोपहर का भोजन उसके बाद फिर डांस, म्यूजिक, संगीत आदि कक्षायें शुरू होती हैं। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समस्त बाल अपचारियों को शिक्षा की ओर ध्यान केन्द्रित किये जाने के लिए प्रेरित किया गया तथा उनके द्वारा की गयी गलतियों को सुधारने एवं समाज में एक अच्छे व्यक्ति बनकर रहने की प्रेरणा दी गयी।

सम्बन्धित शिक्षकों को निर्देशित किया गया कि वे विशेष तकनीकि माध्यम से बाल अपचारियों को अग्रेजी भाषा पढना, लिखना एवं बोलना सिखाने के लिए विशेष प्रयास करना सुनिश्चित करें। साथ ही वहां पर शिक्षण का कार्य कर रहे अध्यापकों को प्रत्येक बाल अपचारी की हालिस्टिक डेवलप्मेट रिपोर्ट तथा बच्चों की गतिविधियों पर सूक्ष्म नजर रखने की सलाह दी गयी।

इसके उपरान्त राजकीय सम्प्रेक्षण किशोर में विधिक साक्षरता एव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान उपस्थित किशोरों को आगामी मेगा कैंप के उद्देश्य, उसमें उपलब्ध करायी जाने वाली विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सुविधाओं के संबंध में जानकारी दी गयी।

साथ ही उन्हें विधिक सहायता, उनके अधिकारों तथा शासन द्वारा संचालित लाभकारी योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। इस अवसर पर रमेश कुमार सिंह संस्था प्रभारी, दीपक कुमार परामर्शदाता आदि मौजूद रहे।

जलालपुर में रेलवे ट्रैक किनारे मिला युवक का शव

जौनपुर। जलालपुर कस्बे के समीप लखनऊ-वाराणसी रेल मार्ग पर ट्रैक के किनारे एक युवक का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। शुक्रवार सुबह स्थानीय ग्रामीणों ने ट्रैक किनारे शव देखकर तत्काल इलाका पुलिस को सूचना दी।मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक की तलाशी ली, जहां मिले कागजात और मोबाइल नंबर के आधार पर उसकी शिनाख्त पवन कुमार (पुत्र बिहारी लाल, निवासी पलट सिटी, तेलीखेड़ा, इंदौर, मध्य प्रदेश) के रूप में हुई। पुलिस ने परिजनों को हादसे की सूचना दे दी है। परिजनों के आने तक शव को मोर्चरी में रखवाया गया है। जानकारी के अनुसार मृतक के परिजन वर्तमान में वाराणसी में मकान बनवाकर रह रहे हैं। पुलिस की प्राथमिक आशंका है कि युवक की मौत ट्रेन से अनियंत्रित होकर गिरने के कारण हुई है। मामले की अग्रिम जांच जारी है।

एसपी ने परेड की सलामी लेकर किया निरीक्षण, सुनी समस्या

चित्रकूट। पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा पुलिस लाइन्स में शुक्रवार की साप्ताहिक परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। परेड के दौरान पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, चुस्त दुरुस्त एवं ड्यूटी के प्रति सदैव तत्पर रहने के लिए विभिन्न प्रकार के शारीरिक व्यायाम कराए गये। स्वास्थ्य एवं शारीरिक दक्षता बनाए रखने के उद्देश्य से परेड में सम्मिलित अधिकारीध्कर्मचारीगण से दौड़ भी करायी गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा परेड में शामिल अधिकारी, कर्मचारियों को अनुशासन, एकरूपता एवं कर्तव्यनिष्ठा के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये तथा ड्रिल का अभ्यास कराया गया। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक द्वारा परिवहन शाखा का निरीक्षण किया गया। इस दौरान थानों से आये चार पहिया, दो पहिया वाहनों, डायल ११२ पीआरवी वाहनों तथा परिवहन शाखा में रखे अन्य वाहनों का निरीक्षण कर वाहनों की स्थिति का जायजा लिया गया।

प्रभारी परिवहन शाखा को वाहनों में पायी गयी कमियों को तत्काल दूर कराने तथा वाहनों के उचित रखरखाव के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

अभिषेक-अनुभवका यूपी फुटबाल टीममें चयन


प्रयागराज खेल

प्रयागराज के अभिषेक कुमार और अनुभव कुमार राय का चयन उत्तर प्रदेश की अंडर-१७ फुटबाल टीम में हुआ है। दोनों खिलाड़ी आगामी नवंबर में बलिया (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय विद्यालयीय फुटबाल प्रतियोगिता में प्रदेश का प्रतिनिधित्व करेंगे। प्राचाय डा. भीमराव आंबेडकर राज्य विद्यालयीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या की ओर से घोषित टीम में चयनित दोनों खिलाड़ियों ने फुटबाल की शुरुआती बारीकियां प्रशिक्षक शादाब रजा से सीखीं। धूमनगंज निवासी सुजीत कुमार के पुत्र अभिषेक वर्तमान में स्पोर्ट्स स्टेडियम, बरेली में अंतरराष्ट्रीय गोलकीपर एवं प्रशिक्षक नसीम अख्तर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। वहीं, लूकरगंज निवासी अजय राय के पुत्र अनुभव कुमार राय वाराणसी के स्पोर्ट्स हॉस्टल में अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं प्रशिक्षक शमशी रजा से प्रशिक्षण ले रहे हैं। दोनों खिलाड़ियों के चयन पर प्रशिक्षक शादाब रजा, शबी रफीक, कौशलेन्द्र आर्या, सुरेन्द्र कुमार, संजय सिंह, अम्बर जायसवाल और शुभम दास ने बधाई देते हुए राष्ट्रीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दीं।



अभिषेक रेलवे महिला टीमके मैनेजर नियुक्त

उत्तर मध्य रेलवे, प्रयागराज के सिग्नल विभाग में कार्यरत अभिषेक गौर को सीनियर महिला टी-२० ट्रॉफी के एलीट ग्रुप-सी मुकाबलों के लिए भारतीय रेलवे टीम का मैनेजर नियुक्त किया गया है। यह प्रतियोगिता २४ अक्टूबर से पांच नवंबर २०२६ तक लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी (इकाना) स्टेडियम में आयोजित होगी।



इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में रेलवे महिला टीम के प्रबंधन की जिम्मेदारी मिलने पर अभिषेक गौर की भूमिका अहम होगी। उनकी नियुक्ति से रेलवे के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। अभिषेक रेलवे के लिए बोर्ड ट्रॉफी में भी खेल चुके हैं।

जूनियर बालक बास्केटबालका चयन-ट्रायल्स कल

आगामी २८ से ३१ अक्टूबर तक अलीगढ़ में प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर बालक बास्केबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। क्षेत्रीय खेल कार्यालय की ओर से उक्त प्रतियोगिता में भाग लेने वाले जिला एवं मण्डल स्तरीय चयन-ट्रायल २५ अक्तूबर को होगा। समन्वय जूनियर बालक के लिए जिलास्तर पर अपरान्ह तीन बजे एवं मंडल स्तर पर अपरान्ह चार बजे अमिताभ बच्चन स्पोर्ट्स काम्लेक्स में चयन-ट्रायल होगा। उक्त ट्रायल में भाग लेने वाले जूनियर बालक बास्केटबाल खिलाड़ियों की जन्मतिथि ०१.०१.२००८ या उसके बाद की हो, वह पात्र होंगे। अतः ट्रायल में भाग लेने वाले समस्त खिलाड़ी अपने आधार कार्ड, नगर निगम द्वारा जारी जन्म प्रमाण पत्र, स्कूल बोनाफाइड, एड्रेस प्रूफ, पोसपोर्ट साइज फोटो के साथ उक्त आयोजन स्थल पर उपस्थित होकर चयन/ ट्रायल में भाग ले सकते है।

यूपी स्कूली क्रिकेट टीमके चयनकर्ता बने अब्बास



कानपुर में २६ से २८ अक्टूबर तक आयोजित प्रदेशीय विद्यालयीय क्रिकेट प्रतियोगिता के लिए यादगारे हुसैनी इंटर कालेज के क्रीड़ाध्यापक सैयद मोहम्मद अब्बास को अंडर-१९ टीम का चयनकर्ता नियुक्त किया गया है। यादगारे हुसैनी इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहम्मद रजा हुसैन के अनुसार करैली निवासी सैयद मोहम्मद अब्बास गुरु गोविंद सिंह क्रीड़ा विद्यालय, लखनऊ के छात्र रह चुके हैं। उन्होंने बीसीसीआई की ओर से आयोजित विजी ट्रॉफी में पश्चिम क्षेत्र का प्रतिनिधित्व भी किया है।

अब्बास इससे पहले भी प्रदेशीय विद्यालयीय टीम चयनकर्ता रह चुके हैं।

पूर्वोत्तर रेलवे — ई-नीलामी सूचना

भारत के महामहिम राष्ट्रपति महोदय जी की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल द्वारा भारतीय रेलवे में पंजीकृत वेंडरों से ई-नीलामी के माध्यम से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। यह ई-नीलामी पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी मण्डल की सामान्य एवं एलएचवी कोचों के रूप में संचालित विभिन्न मेल/एक्सप्रेस गाड़ियों में 3.9/4 टन क्षमता वाले एसएलआर तथा 24 टन क्षमता वाले वीपीयू के पट्टे पर आवंटन हेतु की जा रही है।

उक्त कार्यों/पट्टों का आवंटन 03 (तीन) वर्ष की अवधि के लिए किया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र पंजीकृत वेंडर निर्धारित नियमों एवं शर्तों के अनुसार ई-नीलामी प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

पार्सल लीजिंग हेतु ई-नीलामी किये जाने का विवरण निम्नवत है:-

ई-नीलामी कैटलाग सं.: BSB-PARCELLEASI

क्रम सं.	कार्य का विवरण	ई-नीलामी का समय
1	गाड़ी संख्या 14853 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:30
2	गाड़ी संख्या 19046 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:40
3	गाड़ी संख्या 12559 का RSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-11:50
4	गाड़ी संख्या 22585 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:00
5	गाड़ी संख्या 22132 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:10
6	गाड़ी संख्या 13138 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:20
7	गाड़ी संख्या 11072 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:30
8	गाड़ी संख्या 22589 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:40
9	गाड़ी संख्या 15138 का RSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-12:50
10	गाड़ी संख्या 14865 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:00
11	गाड़ी संख्या 20942 का RSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:10
12	गाड़ी संख्या 14863 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:20
13	गाड़ी संख्या 22536 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:30
14	गाड़ी संख्या 20962 का FSLR काम्पर्टमेंट का लीजिंग	11:00-13:40
15	गाड़ी संख्या 12225-26 का VPU का लीजिंग	11:00-13:50
16	गाड़ी संख्या 22583-84 का VPU का लीजिंग	11:00-14:00
17	गाड़ी संख्या 12581-82 का VPU का लीजिंग	11:00-14:10
18	गाड़ी संख्या 22536-35 का VPU का लीजिंग	11:00-14:20

क्रम सं.-1 से क्रम सं.-18 तक ई-नीलामी की तिथि: 02-11-2026

जमानत राशि (रू०में) (For SLR Short Term Contract) : कॉन्ट्रेक्ट की वार्षिक कीमत का 10% (For SLR, Short Term Contract)

जमानत राशि (रू०में) (For SLR)	EMD amount will be equivalent to 10 trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 5 lakh.
जमानत राशि (रू०में) (For VPU)	EMD amount will be equivalent to 5 round trips lump-sum leased freight subject to minimum of Rs. 10 lakh.
वेबसाइट पता:	www.ireps.gov.in

नोटः (1) ई-नीलामी IREPS (E-Auction leasing Portal) पर निर्धारित तिथि एवं समय पर ऑनलाईन होगी। (2) ई-नीलामी (E-Auction) में भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा IREPS पोर्टल पर रू. 10,000/- + GST (Non Refundabel) ऑनलाईन जमा कर एक बार पंजीकरण कराना आवश्यक है एवं साथ ही उसके पास भारतीय स्टेट बैंक (SBI) में चालू खाता हो जो IREPS से लिंक हो, अमानत राशि (EMD) का भुगतान/कटौती ऑनलाईन उसी खाते से होगी। (3) ई-नीलामी (E-Auction)से संबंधित नियम एवं शर्तो की पूर्ण जानकारी IREPS पोर्टल (www.ireps.gov.in)के E-Auction leasing Section में उपलब्ध है।

मुजाधि/वाणिज्य-177 — मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें।